
कार्यालय जिलाधिकारी, अयोध्या

जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM), अयोध्या की अध्यक्षता में दिनांक 24.09.2026 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सम्पादित कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 24.09.2026 को जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM), अयोध्या की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गयी।



बैठक में जल जीवन मिशन (JJM) डैशबोर्ड पर उपलब्ध विभिन्न बिन्दुओं एवं आंकड़ों की अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा बिन्दुवार विस्तृत एवं गहन समीक्षा की गयी। समीक्षा का विवरण तथा लिये गये निर्णय/दिये गये निर्देश निम्नवत् हैं:-

Table No.-1 : Jal Nigam Under Construction (UC) Scheme Progress

Schemes	Villages	<50% Physical Progress	51-75% Physical Progress	>75% Physical Progress	Physically Completed Scheme	Financially Completed Scheme
1	2	3	4	5	6	7
0	0	0	0	0	0	-

समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या द्वारा अवगत कराया गया कि जल निगम की निर्माणाधीन (UC) श्रेणी की समस्त योजनाएं पूर्ण करा ली गयी हैं तथा वर्तमान में इस श्रेणी में कोई योजना लम्बित नहीं है।

Scanned by Camera Scanner

Table No.-1A : Jal Nigam Operation and Maintenance Scheme Progress

Total Schemes	Total Village	RWS Village Status		
		Fully Functional	Partially Functional	Non Functional
1	2	3	4	5
20	35	14	17	4

संचालन एवं अनुरक्षण (Operation & Maintenance) के अधीन संचालित जल निगम की 20 योजनाओं (35 ग्राम) की समीक्षा में पाया गया कि 14 ग्राम पूर्णतः क्रियाशील (Fully Functional), 17 ग्राम आंशिक रूप से क्रियाशील (Partially Functional) तथा 04 ग्राम अक्रियाशील (Non Functional) हैं। इस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म मेसर्स यूनिवर्सल एम0ई0पी0 को निर्देशित किया गया कि संचालन एवं अनुरक्षण मद में स्वीकृत कार्यों को अधिकतम 01 माह की अवधि में पूर्ण कराते हुए योजनाबद्ध ढंग से Partially Functional ग्रामों को Fully Functional तथा Non Functional ग्रामों को Partially Functional श्रेणी में परिवर्तित कराना सुनिश्चित करें।

Table No.-1B : Jal Nigam Retrofit Scheme Progress

Total No of Schemes	Total No of Village	No of Physicaly Completed Scheme	Total No of Village Physicaly Completed	No of Financialy Completed Scheme	Total No of Village Financially Completed	No of Physicaly Not Completed /WIP Schemes	Total No of Village Not Completed /WIP	No of Financialy Not Completed /WIP Schemes	Total No of Village financialy Not Completed /WIP
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
13	18	13	18	0	0	0	0	13	18

जल निगम की रेट्रोफिटिंग की 13 योजनाओं (18 ग्राम) की समीक्षा में पाया गया कि समस्त योजनाएं भौतिक रूप से पूर्ण हैं, किन्तु वित्तीय रूप से पूर्ण नहीं हैं। इस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या को निर्देशित किया गया कि भौतिक रूप से पूर्ण उक्त 13 योजनाओं की वित्तीय पूर्णता (Financial Completion) 01 माह के अन्दर सुनिश्चित करें।

Scanned by Camera Scanner

Table No.-2 : Physical Progress Phase wise

S. no	Agency Name	Total Schemes	Total Villages	FHTC Villages		Work Completed		Work In Progress			Villages in O&M but not FHTC	OHT	
				Total FHTC Villages	100% 90% to 99 % <90%	O&M Schemes Villages	Trial Run Schemes Villages	Schemes Villages	Direct Pumping Schemes Villages	No FHTC Schemes Villages		Required OHT	Completed OHT
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1	[JJM] Gayatri Projects LTD	36	46	44	18 17 9	22 28	12 16	2 2	2 2	1 1	0	36	34
2	[JJM] UNIVERSAL MEP	154	285	230	215 24 41	149 270	4 15	1 1	0 0	1 1	1	158	157
3	[JJM] Vindhya-GAJA (JV)	48	95	80	40 21 19	34 65	8 19	6 11	0 0	5 7	0	48	48
4	[JJM] VSA	297	724	481	248 101 133	123 293	60 143	114 294	26 68	81 210	7	297	228
5	[Jal Nigam] Universal Mep	20	35	31	14 0 17	20 35	6 0	0 0	0 0	0 0	0	0	0
	Total	585	1185	917	535 163 119	348 691	84 193	123 308	28 70	88 219	8	539	467

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यदायी संस्थावार (Phase wise) योजनाओं की भौतिक प्रगति की समीक्षा करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या एवं सम्बन्धित फर्मों को निम्नलिखित निर्देश दिये गये:-

(I) पूर्ण 348 पेयजल योजनाओं में सम्मिलित एकल ग्राम योजना (Single Village Scheme) श्रेणी की प्रत्येक योजना के अन्तिम छोर (Tail End) पर नियमित जलापूर्ति, जल की गुणवत्ता एवं प्रेशर की स्थिति का स्थलीय सत्यापन कराते हुए योजनावार सत्यापन आख्या प्रेषित की जाय।

(ii) ट्रायल रन में चल रही 84 योजनाओं (193 राजस्व ग्राम) – मेसर्स वी0एस0ए0-एस0सी0एल0 (जे0वी0) की 60 योजनाएं (143 राजस्व ग्राम), मेसर्स गायत्री-पैमकी (जे0वी0) की 12 योजनाएं (16 राजस्व ग्राम), मेसर्स विन्ध्या-गाजा (जे0वी0) की 08 योजनाएं (19 राजस्व ग्राम) तथा मेसर्स यूनिवर्सल एम0ई0पी0 की 04 योजनाएं (15 राजस्व ग्राम) – को माह अक्टूबर, 2026 तक अनिवार्य रूप से संचालन एवं अनुरक्षण (O&M) में हस्तान्तरित कराया जाय।

(iii) जिन पेयजल योजनाओं से नियमित जलापूर्ति की जा रही है, उनका संचालन पूर्ण क्षमता पर, निर्धारित गुणवत्ता एवं पर्याप्त प्रेशर के साथ नियमित रूप से सुनिश्चित किया जाय।

Scanned by Camera Scanner

Table No.-2A : Single Village Scheme Physical Progress

S.No.	Type	Total Schemes	Total Villages Certified Village	RWS Villages		Work Completed		Work In Progress			Villages in O&M but not RWS/ No Disruption	OHT		Financial Details (Lakh)	
				Total RWS Villages RWS(%)	100% 50% to 99% <50%	O&M Scheme Villages	Trial Run Schemes Villages	Scheme Villages	Direct Pumpoff Scheme Villages	No RWS Schemes Villages		Required OHT	Completed OHT	Estimated Cost	Expenditure
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
1	SINGLE VILLAGE SCHEME (JJM)	193	193/83	168/87%	201/27/40	135/135	27/27	31/31	9/9	19/19	1	194	173	71810.83	59718.20
2	SINGLE VILLAGE SCHEME (Jal Nigam)	10	10/10	10/100%	5/0/5	10/10	0/0	0/0	0/0	0/0	0	0	0	0.00	0.00
	Total	203	203/93	178/88%	206/27/45	145/145	27/27	31/31	9/9	19/19	1	194	173	71810.83	59719.20

एकल ग्राम पेयजल योजनाओं की भौतिक प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में दो श्रेणी की योजनाएं – एकल ग्राम योजना (SVS - Single Village Scheme) एवं बहुल ग्राम योजना (MVS - Multi Village Scheme) – क्रियान्वित की जा रही हैं। SVS श्रेणी की योजनाओं के सापेक्ष भारत सरकार के स्तर से भुगतान की कार्यवाही प्रारम्भ की जा चुकी है।

Table No.-3 : RWS (Regular Water Supply Villages) Disruption

S.No.	Agency Name	Total RWS disruption(Village)							O&M RWS disruption(Village)						
		Theft	Power Electrical Issue	Tullu Pump	Road Widening	Damage Village Internal Works	Local Repairing	Total	Theft	Power Electrical Issue	Tullu Pump	Road Widening	Damage Village Internal Works	Local Repairing	Total
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
1	Gayatri Projects LTD	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
2	UNIVERSAL MEP	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
3	Vindhya-GAJA (JV)	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
4	VSA	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
5	Universal Mep(Jal Nigam)	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
	Total	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0

नियमित जलापूर्ति वाले ग्रामों (RWS Villages) में जलापूर्ति व्यवधान की समीक्षा में पाया गया कि पोर्टल पर वर्तमान में किसी भी ग्राम में व्यवधान दर्ज नहीं है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि तालिका

Scanned by Camera Scanner

में अंकित कारणों (चोरी, विद्युत समस्या, टुल्लू पम्प, सड़क चौड़ीकरण, ग्राम के आन्तरिक कार्यो की क्षति एवं स्थानीय मरम्मत) से किसी भी ग्राम में जलापूर्ति बाधित होने की स्थिति में सम्बन्धित विभाग से तत्काल समन्वय स्थापित कर समस्या का निराकरण कराया जाय, जिससे जलापूर्ति निर्बाध रूप से बनी रहे।

Table No.-4 : Certification/Jal Arpan/Jal Aklan/RPWSS/Road Restoration

S.No	Agency Name	VIlages	Certification	Jal Arpan	Jal Aklan	100% Road Restoration Villages
1	2	3	4	5	6	7
1	Gayatri Projects LTD	46	14	18	15	44
2	UNIVERSAL MEP	285	179	169	174	242
3	Vindhya-GAJA (JV)	95	35	14	37	84
4	VSA	724	119	145	95	567
5	Universal Mep	35	35	2	34	0
	Total	1185	383	348	355	93

हर घर जल प्रमाणीकरण (Certification), जल अर्पण, जल आकलन, RPWSS एवं सड़क पुनर्स्थापन (Road Restoration) की समीक्षा करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में शत-प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ हो चुकी है तथा जो "हर घर जल रिपोर्टेड" श्रेणी में हैं, उनकी साप्ताहिक कार्ययोजना तैयार कर जल अर्पण की कार्यवाही पूर्ण कराते हुए हर घर जल प्रमाणीकरण सुनिश्चित किया जाय।

Table No.-4A : RPWSS Village Details

S. No.	Total No of Villages	No of Villages Where RPWSS Finalized	No of Villages Where RPWSS in Draft	No of Village RPWSS not Started	Finalized(%)
	2	3	4	5	6
1	1188	1183	1	4	99.58%

ग्रामीण पाइप्ड पेयजल आपूर्ति योजनाओं (RPWSS) से सम्बन्धित Sujal Gaon ID/RPWSS ID की समीक्षा में पाया गया कि कुल 1188 ग्रामों के सापेक्ष 1183 ग्रामों में RPWSS Finalized है, 01 ग्राम Draft स्तर पर है तथा 04 ग्रामों में कार्यवाही प्रारम्भ नहीं हुई है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि अवशेष ग्रामों की RPWSS ID से सम्बन्धित कार्यवाही 01 सप्ताह के अन्दर पूर्ण करायी जाय।

Scanned by Camera Scanner

Table No.-5 : Components Wise Physical Progress

Sr.No.	Components	Physical Progress		
		Target	Achievement	%
1	2	3	4	5
1	हेडवर्क्स	593	590	99.49
2	पंप हाउस	593	581	97.98
3	क्लोरिनीकरण प्रणाली	593	426	71.84
4.	ओवरहेड टैंक (OHT)	539	539/467	100.00
5	पाइपलाइन बिछाने का कार्य (कि.मी).	9860	9719	98.57
6	सौर ऊर्जा प्लांट	534	482	90.26
7	घरेलू नल संयोजन(FHTC)	351769	346417	98.48
9	सड़क भरम्मत का कार्य (KM)	5820	5730	98.45
		3	4	5
10	वे गाँव जहाँ 100% सड़क मरम्मत का कार्य पूर्ण हो चुका है।	1147	941	82.04
11	कम्पलीटेड गाँव	1147	854	74.46
12	नियमित जल आपूर्ति	1147	886	77.24

योजनाओं के विभिन्न घटकों की भौतिक प्रगति की समीक्षा करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये:-

(i) जिन ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है, वहाँ निर्धारित गुणवत्ता एवं पर्याप्त प्रेशर के साथ जलापूर्ति निरन्तर बनाये रखने हेतु सम्बन्धित फर्में उत्तरदायी होंगी।

(ii) जिन ग्रामों में अभी तक जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं हुई है, उनकी ग्रामवार समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर सम्बन्धित फर्में शीघ्र जलापूर्ति प्रारम्भ करायें।

(iii) कार्यदायी संस्थाएं मेसर्स वी0एस0ए0-एस0सी0एल0 (जे0वी0), मेसर्स विन्ध्या-गाजा (जे0वी0), मेसर्स गायत्री-रैमकी (जे0वी0) एवं मेसर्स यूनिवर्सल एम0ई0पी0 अपने अनुबन्ध के अन्तर्गत निर्मित समस्त शिरोपरि जलाशयों (OHT) का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण कर लें तथा निरीक्षण में परिलक्षित किसी भी कमी का तत्काल निराकरण करायें। साथ ही निर्मित/निर्माणाधीन समस्त शिरोपरि जलाशयों का Structural Audit किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/तकनीकी संस्थान से कराकर Safety Certificate अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या को उपलब्ध कराया जाय।

Scanned by Camera Scanner

Table No.-6 : Unified Command and Control System (UCCS)-Automation

S.No.	Agency Name	Total			O&M		
		Scheme	Integrated	Live	Scheme	Integrated	Live
1	2	3	4	5	6	7	8
1	Gayatri Projects LTD	36	25	9	22	17	7
2	UNIVERSAL MEP	154	152	148	149	148	145
3	Vindhya-GAJA (JV)	48	38	30	34	33	27
4	VSA	297	148	99	123	121	80
5	Jal Nigam	20	0	0	0	0	0
	Total	555	363	286	328	319	259

योजनाओं में स्थापित Unified Command and Control System (UCCS)-Automation की समीक्षा में पाया गया कि संचालन एवं अनुरक्षण में हस्तान्तरित 328 योजनाओं में से 319 योजनाएं Integrated तथा 259 योजनाएं Live हैं। इस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा बैठक में उपस्थित सम्बन्धित फर्मो एवं सहायक अभियन्ता, विद्युत/यांत्रिक खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या को निर्देशित किया गया कि:-

(i) जो पेयजल योजनाएं संचालन एवं अनुरक्षण में हैं, किन्तु UCCS से Integrated नहीं हैं, उनका Integration तत्काल पूर्ण कराया जाय।

(ii) जो पेयजल योजनाएं Integrated हैं, किन्तु Live नहीं हैं, उन्हें अविलम्ब Live कराया जाय।

Table No.-7 : Grievance Redressal System

S. No.	Agency Name	Total Complaint			O&M Complaint		
		Total	Close	Pending	Total	Close	Pending
1	2	3	4	5	6	7	8
1	Gayatri Projects LTD	73	69	4	44	42	2
2	UNIVERSAL MEP	818	805	13	804	792	12
3	Vindhya-GAJA (JV)	138	131	7	114	110	4
1	2	3	4	5	6	7	8
4	VSA	834	786	48	553	517	36
5	Universal Mep(Jal Nigam)	60	57	3	12	10	2
	Total	1923	1848	75	1527	1471	56

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा में पाया गया कि कुल 1923 शिकायतों में से 1848 का निस्तारण किया जा चुका है तथा 75 शिकायतें लम्बित हैं। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि लम्बित 75 शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाय।

Scanned by Camera Scanner

Table No.-8 : भारत सरकार द्वारा निर्धारित, प्रदेश के Arsenic/Fluoride/JE/AES प्रभावित क्षेत्रों का विवरण

S. No.	Description	Total Villages	Completed Villages	Work In Progress Villages	Completed(%)
1	2	3	4	5	6
1	JE/AES	4	4	0	100

आर्सेनिक/फ्लोराइड/जे0ई0/ए0ई0एस0 प्रभावित ग्रामों में शुद्ध पेयजल की सुविधा सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या द्वारा अवगत कराया गया कि JE/AES प्रभावित 04 ग्रामों में कार्य पूर्ण करा दिया गया है तथा नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

Table No.-9 : Water Quality

S. No.	Test by	Test detail							Contaminated Test Scheme Details				
		Total Test	Village Tested	Safe found	Contaminated found	Remedial Action	Re-Test	Re-Test found Safe	Village Without Scheme	Village With Scheme	O&M Scheme Village	Trail Run Scheme Village	Under Construction Scheme Village
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1	Arsenic Parameter test	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
2	Fluoride Parameter test	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
3	Other Parameter test	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
	Total	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0

उपलब्ध कराये जा रहे पेयजल की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या को निर्देशित किया गया कि नियमित जलापूर्ति वाली समस्त पेयजल योजनाओं में नियमित रूप से जल गुणवत्ता परीक्षण कराया जाय तथा परीक्षण के परिणाम JJM पोर्टल पर समय से अद्यतन कराये जायें।

Land Availability / Issues (भूमि उपलब्धता एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र)

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या द्वारा भूमि उपलब्धता की स्थिति से अवगत कराया गया कि सम्दा एवं अंकारीपुर में द्वितीय नलकूप हेतु भूमि उपलब्ध हो गयी है। बनगवां मया बाजार में शिरोपरि जलाशय निर्माण हेतु भूमि अभी तक उपलब्ध नहीं हो सकी है। मसौधा के कोट सराय में द्वितीय नलकूप हेतु भूमि उपलब्ध हो गयी है, परन्तु रेलवे विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना शेष है। मसौधा के हाजीपुर सिंहपुर में भूमि उपलब्ध है, किन्तु विवादित है तथा फिरोजपुर में द्वितीय नलकूप हेतु भूमि अभी तक उपलब्ध नहीं हो सकी है। इस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर भूमि की उपलब्धता एवं विवाद का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित कराया जाय।

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि 25 योजनाओं में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन0एच0ए0आई0) से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना लम्बित है, जिसके सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग से पत्राचार किया जा चुका है। मिल्कीपुर मार्ग पर अनापत्ति

Scanned by Camera Scanner

प्रमाण पत्र प्राप्त करने में विशेष कठिनाई आ रही है। इस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त स्थलीय निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत की जाय।

Chlorination Details (क्लोरीनेशन की स्थिति)

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या द्वारा विभागीय अभिलेखों के आधार पर अवगत कराया गया कि 592 योजनाओं में क्लोरीनेशन के लक्ष्य के सापेक्ष 475 योजनाओं में क्लोरीनेटर अधिष्ठापित किये जा चुके हैं, जिनमें से 458 योजनाओं में क्लोरीनेटर क्रियाशील हैं।

Other Issue-Related Instructions (अन्य बिन्दु एवं निर्देश)

1. **मेसर्स बी0एस0ए0-एस0सी0एल0 (जे0वी0) की प्रगति:** अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी संस्था मेसर्स बी0एस0ए0-एस0सी0एल0 (जे0वी0) की प्रगति की समीक्षा की गयी। अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा अनेक योजनाओं में अवशेष छोटे-छोटे कार्यों हेतु पर्याप्त मैनपावर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिसके कारण कार्य की प्रगति धीमी है। फर्म के प्रतिनिधि श्री नितिन सिंह, मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि एस0डब्ल्यू0एस0एम0 को प्रोजेक्ट प्लान (सी0आर0पी0) प्रस्तुत किया गया है, जिसके अनुसार स्थल पर कार्य कराया जा रहा है। इस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा स्पष्ट किया गया कि जनपद अयोध्या में समस्त योजनाओं को मार्च, 2027 तक पूर्ण किया जाना है, अतः सी0आर0पी0 के अनुसार वर्ष 2028 तक कार्यों को लम्बित रखा जाना स्वीकार्य नहीं है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 173 शिरोपरि जलाशयों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, परन्तु मात्र 122 योजनाएं ही संचालन एवं अनुरक्षण में हस्तान्तरित की गयी हैं। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वस्त किया गया कि जिन योजनाओं में शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण हो चुका है, उनके अवशेष कार्य पूर्ण कराकर उन्हें शीघ्र संचालन एवं अनुरक्षण में हस्तान्तरित कर दिया जायेगा।

   निर्देश: फर्म के मैनेजर को निर्देशित किया गया कि स्थल पर मैनपावर में तत्काल वृद्धि करते हुए योजनाओं के अवशेष कार्य शीघ्र पूर्ण करायें।

2. **सोलर प्लान्ट की स्थापना:** अधोहस्ताक्षरी द्वारा योजनाओं में सोलर प्लान्ट की स्थापना की स्थिति के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी। अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या द्वारा विभागीय अभिलेखों के आधार पर अवगत कराया गया कि 592 के लक्ष्य के सापेक्ष 469 सोलर प्लान्ट स्थापित किये जा चुके हैं तथा अवशेष 123 में से 114 सोलर प्लान्ट मेसर्स बी0एस0ए0-एस0सी0एल0 (जे0वी0) द्वारा अधिष्ठापित किये जाने हैं। सोलर प्लान्ट स्थापित न किये जाने के कारण के सम्बन्ध में पूछे जाने पर फर्म के मैनेजर श्री नितिन सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि अवशेष योजनाओं में सोलर प्लान्ट हेतु स्ट्रक्चर स्थापित करने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा मॉड्यूल फिक्स करने का कार्य अवशेष है, जिसे शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा।

   निर्देश: फर्म को निर्देशित किया गया कि अवशेष सोलर प्लान्टों में मॉड्यूल अधिष्ठापन का कार्य शीघ्र पूर्ण कराकर अनुपालन आख्या अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या को उपलब्ध करायें।

3. **ट्रायल रन पूर्ण योजनाओं का संचालन एवं अनुरक्षण में हस्तान्तरण:** मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या द्वारा ऐसी योजनाओं की जानकारी चाही गयी, जिनमें 03 माह का ट्रायल रन पूर्ण हो चुका है। अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 84 योजनाओं में ट्रायल रन पूर्ण

Scanned by Camera Scanner

हो चुका है, जिनमें मेसर्स गायत्री-रैनकी (जे0वी0) की 12, मेसर्स यूनिवर्सल एम0ई0पी0 की 04, मेसर्स विन्ध्या-गाजा (जे0वी0) की 08 तथा मेसर्स वी0एस0ए0-एस0सी0एल0 (जे0वी0) की 60 योजनाएं सम्मिलित हैं। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ट्रायल रन पूर्ण होने के उपरान्त भी इन योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण में हस्तान्तरित न किये जाने का कारण पूछे जाने पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि योजनाओं के हस्तान्तरण हेतु अभिलेखीकरण (Documentation) का कार्य किया जा रहा है तथा टी0पी0आई0 एवं अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता द्वारा सम्पादित कार्यों का सत्यापन भी कराया जा रहा है। सत्यापन एवं अभिलेखीकरण की कार्यवाही पूर्ण होने के उपरान्त योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण में हस्तान्तरित कर दिया जायेगा।

निर्देश: सत्यापन एवं अभिलेखीकरण की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कराते हुए उक्त 84 योजनाओं को Table No.-2 के बिन्दु (ii) में निर्धारित समय-सीमा (माह अक्टूबर, 2026) के अन्दर संचालन एवं अनुरक्षण में हस्तान्तरित कराना सुनिश्चित किया जाय।

4. **मेसर्स गायत्री-रैनकी (जे0वी0) की स्थिति:** अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म की 36 योजनाओं में से 22 योजनाएं संचालन एवं अनुरक्षण में हस्तान्तरित की जा चुकी हैं। अवशेष योजनाओं में ऑटोमेशन सम्बन्धी त्रुटि के कारण डाटा Live प्रदर्शित नहीं हो रहा है, जिसके कारण उन्हें संचालन एवं अनुरक्षण में हस्तान्तरित नहीं किया जा सका है। यह भी अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 36 में से 34 योजनाएं पूर्ण कर ली गयी हैं तथा अवशेष 02 योजनाएं माह अक्टूबर, 2026 में पूर्ण कर ली जायेंगी।

निर्देश: फर्म को निर्देशित किया गया कि ऑटोमेशन सम्बन्धी त्रुटियों का तत्काल निराकरण कर अवशेष योजनाओं को शीघ्र संचालन एवं अनुरक्षण में हस्तान्तरित करायें।

5. **मेसर्स विन्ध्या-गाजा (जे0वी0) की स्थिति:** अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म की 48 योजनाओं में से 34 योजनाएं संचालन एवं अनुरक्षण में हस्तान्तरित की जा चुकी हैं तथा समस्त शिरोपरि जलाशयों का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। समस्त योजनाओं का कार्य माह दिसम्बर, 2026 तक पूर्ण करा लिया जायेगा।

6. **मेसर्स यूनिवर्सल एम0ई0पी0 की स्थिति:** अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म की 154 योजनाओं में से 152 योजनाएं पूर्ण हैं तथा अवशेष योजनाओं का कार्य माह अक्टूबर, 2026 तक पूर्ण करा लिया जायेगा।

7. **लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क चौड़ीकरण से क्षतिग्रस्त पाइप लाइन:** अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या द्वारा अवगत कराया गया कि लोक निर्माण विभाग, अयोध्या द्वारा कराये जा रहे सड़क चौड़ीकरण के दौरान जल जीवन मिशन के अन्तर्गत बिछायी गयी पाइप लाइन एवं गृह जल संयोजन (FHTC) क्षतिग्रस्त हो रहे हैं तथा पाइप लाइन चौड़ीकृत सड़क के नीचे आ रही है। इस सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियन्ता श्री अखिल वर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि क्षतिग्रस्त पाइप लाइन एवं गृह जल संयोजनों की मरम्मत जल निगम (ग्रामीण) के समन्वय से मैनपावर उपलब्ध कराते हुए करा दी जायेगी। अधिशासी अभियन्ता द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा 84 कोसी परिक्रमा मार्ग का कार्य प्रगति पर है, जिसके सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक आवश्यक है।

Scanned by Camera Scanner

निर्देश: प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली समन्वय बैठक में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या प्रतिभाग कर सम्बन्धित बिन्दुओं का निराकरण सुनिश्चित करें।

समस्त सम्बन्धित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाएं उपर्युक्त निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करें। बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई।

Digitally signed by
SHASHANK TRIPATHI
Date: 15-10-2026
17(शशांक त्रिपाठी)
जिलाधिकारी
अयोध्या।

पत्रांक: 9128 / M-27 / 183 दिनांक: 23/10/2026

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
3. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
4. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड/निर्माण खण्ड-4, लोक निर्माण विभाग, अयोध्या।
5. समस्त उपजिलाधिकारी, जनपद अयोध्या को इस आशय से प्रेषित कि अपने क्षेत्रान्तर्गत जिन योजनाओं में भूमि उपलब्ध नहीं है अथवा भूमि विवादित है, उनका प्राथमिकता पर निस्तारण कराने का कष्ट करें।
6. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद अयोध्या को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि पूर्ण योजनाओं से आच्छादित ग्रामों में ग्राम पंचायत सचिव के माध्यम से सत्यापन कराकर हर घर जल प्रमाणीकरण की कार्यवाही पूर्ण करायें।
7. डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0, अयोध्या।
8. टीम लीडर, टी0पी0आई0, अयोध्या यूनिट।
9. मेसर्स गायत्री प्रोजेक्ट्स लि0-रैमकी (जे0वी0), हैदराबाद; मेसर्स वी0एस0ए0-एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद; मेसर्स यूनिवर्सल एम0ई0पी0 प्रोजेक्ट्स एण्ड इंजीनियरिंग सर्विसेज लि0, मुम्बई तथा मेसर्स विन्ध्या टैलीलिंक्स लि0-भाजा इंजीनियरिंग प्रा0 लि0 (जे0वी0), नोएडा (उ0प्र0) को अनुपालनार्थ।

Digitally signed by
Arvind Yadav
Date: 23-10-2026
10:44:33
(अरविन्द यादव)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
अयोध्या।

Scanned by Camera Scanner